## नोहर में जांगिड सुथार समाज राजनैतिक चेतना सम्मेलन सम्पन्न

13 मई, 2018 को जांगिड सुथार धर्मशाला, नेहरू नगर, नोहर में जांगिड सुथार समाज राजनैतिक चेतना सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें नोहर विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में समाज बन्धुओं ने अपनी उपस्थिति दी। सम्मेलन की अध्यक्षता पूर्व पालिका अध्यक्ष एवं समाज समिति अध्यक्ष बाबूलाल खाती द्वारा की गई। मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री ओ.एस.डी. एवं प्रदेश महासचिव कांग्रेस श्री पुखराज पाराशर, अतिविशिष्ठ अतिथि ए.आई.पी.सी. सदस्य व प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष श्री जगदीश जांगिड रहे। विशिष्ठ अतिथि ओ.बी.सी. आयोग के पूर्व सदस्य श्री विजय जांगिड, चुरू के पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष श्री बसंत जांगिड एवं तारा नगर पालिकाध्यक्ष राकेश जांगिड थे।

इस अवसर पर पुखराज पाराशर ने कहा कि राजनैतिक वर्चस्व के लिए सामाजिक एकता अत्यन्त आवश्यक है। आज तक जिस समाज ने एकता की भावना के साथ जितनी ताकत का प्रदर्शन किया, उसे उतना ही राजनैतिक प्रतिफल प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि जांगिड सुथार समाज कड़ी मेहनत से हर घर को संवारने की ताकत रखता है। लेकिन जब बात राजनैतिक ताकत की आए तो उन्हें भी बगले झांकनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि राजनीति में आवाज़ बुलन्द कर सतत् प्रयासों से सफलता निश्चित है। इसके लिए समाज को एकजुट होकर पूरी ताकत के साथ अभी से जुटना होगा।

जगदीश जांगिड जी ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि समाज को एकजुट होकर राजनैतिक ताकत दिखानी होगी। बिना एक जुटता व राजनैतिक चेतना के समाज की राजनैतिक भागीदारी असंभव है। उन्होंने कहा कि अगर समाज एकजुट होकर राजनैतिक ताकत का राजनैतिक दलों को अहसास करवाएगा तो समाज की राजनीति में भागीदारी सुनिश्चित है।

विजय जांगिड ने समाज की समान पिछड़ी जातियों एवं दलित जातियों की एकता पर बल देते हुए कहा कि अगर दलित पिछड़ा वर्ग की एकजुटता होती है तो हमारी राजनैतिक ताकत बढ़ेगी एवं हमारी राजनैतिक भागीदारी सुनिश्चित होगी।

श्री बसंत जांगिड एवं राकेश जांगिड ने भी कहा कि अगर वास्तव में समाज संगठित होकर ईमानदारी के साथ 36 कौमों को साथ लेकर चलेगा तो राजनैतिक भागीदारी अवश्य होगी। उन्होंने आयोजकों व नोहर क्षेत्र के समाज के प्रत्येक नागरिक को ऐसे सम्मेलन का आयोजन करने पर सराहना की।

सम्मेलन के संयोजक एवं कृषि उपज मण्डी समिति के निवर्तमान अध्यक्ष श्री बलवीर सुथार ने स्वागत भाषण में सम्मेलन के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी।

वरिष्ठ सर्जन डॉ. चन्द्र खाती, एडवोकेट रोहिताश जांगिड, पवन सुथार, पूर्व भाजयुमो देहात अध्यक्ष दाताराम जांगिड एवं प्रेस क्लब सचिव विनोद जांगिड ने कहा कि समग्र विकास के लिए शिक्षा बेहद आवश्यक है। शिक्षा से समाज को जहाँ नई दिशा मिलती है, वहीं समाज आगे भी बढ़ता है। उन्होंने कहा कि राजनैतिक दल हमारे समाज की अनदेखी न करें, इसलिए मुहिम के रूप में पूरे प्रदेश भर में राजनैतिक सम्मेलनों के आयोजनों की आवश्यकता है। उन्होंने अन्य जगहों पर होने वाले सम्मेलनों में भी नोहर जांगिड सुथार समाज के भागीदारी निभाने की बात कही।

सम्मेलन का संचालन विनोद जांगिड द्वारा किया तथा कहा कि मिस्त्री मजदूर भाइयों के कल्याण हेतु राज्य सरकार द्वारा गठित बोर्ड में समाज का एक भी सदस्य न होने का मुद्दा उठाते हुए भागीदारी की मांग की।

श्रम विभाग द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु प्रकाशित सामग्री का अतिथियों ने विमोचन किया। अतिथियों ने युवा मण्डल के ऐसे प्रयासों की सराहना करते हुए अधिकाधिक पात्र व्यक्तियों से योजना का लाभ उठाने की अपील की।

सम्मेलन का शुभारंभ श्री विश्वकर्मा जी की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। अतिथियों का सम्मान पगड़ी पहनाकर किया गया तथा काष्ठकला के कारीगर श्री त्रिलोक माण्डण ने हस्त निर्मित श्री विश्वकर्मा की काष्ठ प्रतिमा भी भेंट की गई।

सम्मेलन में पूर्व जिला परिषद सदस्य अमर सिंह दायमा, ग्राम सेवा सहकारी अध्यक्ष रघुवीर सुथार, जल वितरण समिति अध्यक्ष जुगलाल जांगिड, पूर्व सरपंच लूणाराम सुथार, बृजलाल सुथार, ओमप्रकाश सुथार, नोरंग सुथार, लेखराम सुथार, गोपाल झिलोईया, पूर्व पं.सं. सदस्य डॉ. प्रेम सुथार, हजारी जांगिड, शिशपाल सुथार, पूर्व कृषि उपज मण्डी सचिव लूणाराम धामू, शिक्षाविद् अमरसिंह जांगिड, सोहन लदोईया, बनवारी सुथार, अमरसिंह सुथार आदि उपस्थित थे।

## श्री विश्वकर्मा जांगिड पंचायत जोधपुर द्वारा आयोजित सामूहिक सम्मेलन में 10 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

11 मई, 2018 को श्री विश्वकर्मा जांगिड पंचायत, जोधपुर के तत्वावधान में बारहवां सामूहिक विवाह सम्मेलन एवं आशीर्वाद समारोह का आयोजन श्री विश्वकर्मा जांगिड पंचायत भवन सेक्टर-ए, शास्त्री नगर, जोधपुर में किया गया, जिसमें श्री विश्वकर्मा मन्दिर, बाईजी का तालाब कमेटी, श्री विश्वकर्मा छात्रावास, मसुरिया कमेटी, श्री गंगाराम प्याऊ, भवाद कमेटी, श्री विश्वकर्मा भवन किले की सड़क कमेटी, श्री विश्वकर्मा बगीची कागा कागड़ी कमेटी, श्री विश्वकर्मा भवन मदेरणा कॉलोनी कमेटी, श्री विश्वकर्मा भवन सुथारों का बास गोल कमेटी, श्री विश्वकर्मा नवचेतना समिति, श्री विश्वकर्मा शिक्षा सहयोग समिति (बासनी), श्री ग्रामीण सुथार न्याती नोहरा चांदणा भाकर, श्री विश्वकर्मा मन्दिर एवं छात्रावास कुड़ी सांगरिया, श्री विश्वकर्मा मन्दिर धाम अरणाजी, श्री जांगिड युवा संघ संस्थान जोधपुर आदि उप संस्थाओं ने सहयोग किया।

सामूहिक सम्मेलन श्री सत्यनारायण कुलरिया अध्यक्ष पंचायत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ तथा मुख्य अतिथि श्री कैलाश चन्द्र पिड़िवारिया, समारोह के संयोजक श्री पूनाराम बरनेला, श्री एम.डी. शर्मा के संयोजन में 10 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। पंचायत के सचिव डॉ. कमल आसदेव एवं समाज के प्रवक्ता श्री भारत भूषण शर्मा ने बताया कि समारोह का सफल समापन करने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया।

समारोह का शुभारंभ प्रातः गणेश स्थापना एवं झण्डारोहण द्वारा किया गया। सामूहिक बारात श्री विश्वकर्मा छात्रावास से रवाना होकर बैण्डबाजों के साथ विभिन्न प्रमुख मार्गों से होती हुई शास्त्री नगर पंचायत भवन पहुँची, जहाँ उसका समिति पदाधिकारियों एवं अतिथियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। तौरण की रस्म अदा की गई तथा सभी जोड़ों का पाणिग्रहण संस्कार पाण्डाल में विद्वान पंडितों ने वैदिक मंत्रोचारों द्वारा पाणिग्रहण करवाया गया।

मुख्य अतिथि श्री कैलाश चन्द्र जी द्वारा इस अवसर पर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का सन्देश दिया तथा सामूहिक विवाह सम्मेलन की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा सौहाद्रपूर्ण वातावरण एवं मितव्ययता इन सामूहिक विवाहों में होनी चाहिए। अतिथियों ने अपने भाषण में स्वच्छता एवं सुरक्षा का संदेश दिया। शंकर लाल जांगिड ने समाज में कन्याओं को सर्वोच्च स्थान देने की बात कही। इस अवसर पर ईश्वर माकड़, महेश माकड़, मदन रावत व गजेन्द्र बरड़वा को सम्मानित किया गया। श्री सत्यनारायण कुलरिया तथा महापौर घनश्याम ओझा द्वारा नव दम्पत्तियों को स्वच्छता का संदेश के साथ हेलमेट भी दिए तथा वर-वधुओं को कन्या भ्रूण हत्या नहीं करने की शपथ भी दिलवाई।

इस अवसर पर श्री हीरालाल आसदेव, लक्ष्मण छड़िया, फतेहराज माकड़, मदन गोपाल बरड़वा, एन.के. दायमा, सोहन लाल सांड, दिलीप छड़िया, ज्योति प्रकाश, सम्पतराज कुलरिया, ओमप्रकाश भूदड़, महेश धामू, धीरज शर्मा, मदन जोपिंग, यशवन्त जोपिंग, लक्ष्मीकान्त शर्मा, नरेश शर्मा, डी.पी. शर्मा, शंकर माकड़ तथा महिला समिति की डॉ. मीना जांगिड निर्मला जांगिड, सुनीता बरड़वा, आशा शर्मा, स्नेहलता दम्भीवाल, मीनाक्षी आदि ने समारोह को सफल बनाने में सहयोग दिया।

### भीनमाल में शैक्षिक सम्बल के लिए नवचेतना कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न

5 मई, 2018 को भीनमाल, जिला-जालौर में समाज में गरीब छात्रों को शैक्षिक सम्बल प्रदान करने के लिए अंगिरा सेवा संस्थान द्वारा नवचेतना कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि श्री दिनेश कुमार जांगिड ''सारंग'' कस्टम एवं जी.एस.टी. के उपायुक्त अहमदाबाद थे तथा समारोह की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव श्री पुखराज पाराशर द्वारा की गई।

मुख्य अतिथि श्री दिनेश सारंग ने कहा कि सामाजिक विकास सही मायनों में तभी सार्थक होगा, जब यह समाज के अन्तिम व्यक्ति तक पहुँचेगा। समाज में शिक्षा का अधिकतम् प्रचार-प्रसार एवं शिक्षा के लिए विद्यार्थियों को सम्बल प्रदान करना हमारा दायित्व है और इसे हम सबको भली भांति निभाना चाहिए।

समारोह के अध्यक्ष श्री पुखराज पाराशर ने कहा कि जो शिक्षित होगा वही शेर की तरह दहाड़ सकेगा। आने वाला समय धन बल या बाहुबल का नहीं होगा, बल्कि ज्ञान की शक्ति का होगा और इसलिए हमें समाज में शिक्षा का अधिकतम् प्रचार-प्रसार करना चाहिए।

अंगिरा सेवा संस्थान के अध्यक्ष श्री ठाकराराम ने अपने स्वागत भाषण के साथ अंगिरा सेवा संस्थान के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बताया कि **इस वर्ष अंगिरा सेवा संस्थान ने समाज के 25 गरीब बच्चों को गोद लिया है। इन बच्चों की पढ़ाई का संपूर्ण खर्च अंगिरा सेवा संस्थान द्वारा वहन किया जायेगा।**

कार्यक्रम में भीनमाल के महंत श्री सनातन गिरी महाराज तहसीलदार श्री नारायण जांगिड, पाली समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष श्री भंवरलाल जांगिड, प्राचार्य श्री विनोद जांगिड, प्रधानाध्यापक श्री प्रवीण जांगिड, युवा कार्यकर्ता श्री युवराज सुथार, श्री रतन सुथार, महिला कार्यकर्ता श्रीमती संतोष जांगिड, बाड़मेर से पधारे श्री बांकाराम सुथार, श्री सुमेरमल कुलरिया, विश्वकर्मा युवा मित्र मण्डल अहमदाबाद के उपाध्यक्ष श्री चेतन जांगिड आदि सहित सैंकड़ों समाज बन्धुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन श्री मीठालाल सुथार ने किया।

### जालौर में ''विश्वकर्मा संकुल'' का शिलान्यास समारोह आयोजित

6 मई, 2018 को जालौर जिला मुख्यालय पर विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए छात्रावास एवं बाहर से आने वाले समाज बन्धुओं ने विश्राम के लिए अतिथि गृह सहित विश्वकर्मा संकुल के रूप में एक भव्य इमारत का शिलान्यास संतों, प्रमुख सामाजिक व्यक्तियों एवं भामाशाहों के सान्निध्य में किया गया।

विश्वकर्मा विकास संस्थान जालौर द्वारा आयोजित इस भव्य शिलान्यास समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए अहमदाबाद के कस्टम एवं जी.एस.टी. के उपायुक्त श्री दिनेश कुमार जांगिड ''सारंग'' ने कहा कि सामाजिक एकता एवं समरसता के साथ शैक्षिक विकास से सामाजिक संस्कारों का विकास होता है। बालकों के लिए यदि समाज कुछ करता है तो वही बालक आगे चलकर समाज के लिए कुछ करने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सामाजिक एकता की मांग को देखते हुए जांगिड, सुथार, वंश-सुथार आदि सभी वर्गों को साथ लेकर किया जा रहा यह कार्य और भी पुनीत बन गया है।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए डूंगरपुर जिला न्यायाधीश श्री मंछाराम सुथार ने कहा कि समाज में इस तरह के कार्य सामाजिक विकास के प्रतीक हैं और सभी समाज बन्धुओं को इसमें तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं विश्वकर्मा विकास संस्थान जालौर के संरक्षक श्री पुखराज पाराशर ने सभी पधारे हुए मेहमानों का स्वागत किया। संस्थान के अध्यक्ष श्री मोहन पाराशर ने संस्थान का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और अपने औपचारिक स्वागत भाषण में विश्वकर्मा संकुल की योजना पर प्रकाश डाला। संस्थान के उपाध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त अधिशाषी अभियन्ता श्री बी.एल. सुथार ने विश्वकर्मा संकुल की पूरी रूपरेखा को समाज के समक्ष रखा।

शिलान्यास समारोह संत श्री गंगानाथ जी, श्री रणछोड़ भारती जी, श्री विक्रमनाथ एवं श्री सनातन गिरी महाराज के सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। समारोह में देश भर से पधारे हुए भामाशाहों, अतिथियों का

विश्वकर्मा विकास संस्थान के पदाधिकारियों ने स्वागत किया।

इस शिलान्यास समारोह में वंश सुथार समाज अध्यक्ष श्री गणेश विश्वकर्मा, पाली समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष श्री भंवरलाल जांगिड, बैंगलुरु जांगिड समाज ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष श्री पोलाराम सुथार, युवा कार्यकर्ता युवराज सुथार एवं श्री रतन सुथार, श्री कानाराम जांगिड, श्री मगाराम सुथार, डॉ. ममता सुथार एवं श्री हेमराज सुथार सहित देश भर से अनेक समाज बन्धुओं ने भाग लिया।

**पोकरण सुथार समाज विकास समिति की बैठक में किया महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विचार-विमर्श**

20 मई, 2018 को सुथार समाज विकास समिति पोकरण की स्थानीय विश्वकर्मा मन्दिर परिसर में बैठक आयोजित की गई, जिसमें सामाजिक सर्वे व अन्य बिन्दुओं पर विचार-विमर्श किया गया।

समिति के श्री भूराराम सुथार ने बताया कि बैठक में विभिन्न गाँवों में निवास कर रहे परिवारों के सर्वे को लेकर चर्चा की गई। सामाजिक सर्वे कार्य से वर्तमान समाज की स्थिति एवं सामाजिक, राजनैतिक, रोजगार, शिक्षा आदि की जानकारियाँ एकत्र हो सकेंगी। पूर्व में भी विभिन्न गाँवों के नियुक्त प्रगणकों को सर्वे प्रपत्र दिए गए थे। उनकी ओर से 70 गाँवों के तीन हजार परिवारों के सर्वे प्रपत्र भरकर जमा करवा दिए हैं तथा 25 राजस्व गाँवों के 500 परिवारों का सर्वे किया जा रहा है, जोकि प्रगणकों द्वारा निर्धारित समय में पूर्ण कर लिया जायेगा।

बैठक में मोहनराम नावा, किशनाराम, मोहनराम सनावड़ा, पदमाराम, आवड़राम बारठ का गाँव, मगाराम नानीणियाई, भूराराम बोड़ाना, भीखाराम नाचना, त्रिलोकाराम पोकरण, सवाईराम, भूराराम सांकड़ा, रमेश चाचा सहित लोग उपस्थित थे।

**श्री शिव हरिराम मन्दिर लालासर में प्रथम वार्षिक पाटोत्सव सम्पन्न**

21-22 मई, 2018 को श्री राधेश्याम आर. शर्मा (वापी) एवं श्री कैलाश चन्द जांगिड (लालासर) द्वारा गत वर्ष नवनिर्मित मन्दिर में श्री शिव हरिराम मन्दिर लालासर में प्रथम वार्षिक पाटोत्सव का आयोजन किया गया। मन्दिर में गत वर्ष राम दरबार, शिव परिवार, विश्वकर्मा जी, पंचमुखी हनुमान, जीणमाता, राधा कृष्ण, लक्ष्मी विष्णु एवं माँ दुर्गा की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा आप द्वारा की गई थी।

21 मई, 2018 को प्रात: रामायण पाठ का शुभारंभ हुआ तथा 22 मई, 2018 को प्रात: पूर्णाहुति हुई। इसके पश्चात् सहस्त्रघट का कार्यक्रम मन्दिर प्रांगण में हुआ, जिसमें विधि-विधान से मंत्रोच्चार से पण्डितों ने सम्पन्न कराया तथा यज्ञ में आहूतियां श्री राधेश्याम आर. शर्मा (वापी) एवं श्री कैलाश चन्द जांगिड द्वारा सपत्नीक दी गई तथा महाआरती हुई।

इस अवसर पर अतिथियों का सम्मान समारोह भी रखा गया। मंच की व्यवस्था तथा पाण्डाल की सुन्दर व्यवस्था की गई थी।

समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. हरि सिंह (पूर्व केबिनेट मंत्री राजस्थान सरकार एवं पूर्व सांसद सीकर), अध्यक्षता सरपंच तारादेवी मीना द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि श्री रविशंकर शर्मा राष्ट्रीय प्रधान अ.भा.जां.ब्रा. महासभा दिल्ली तथा अतिथियों में श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान, श्री गिरधारी लाल जांगिड प्रदेशाध्यक्ष कर्नाटक, श्री बी.सी. शर्मा पूर्व वरिष्ठ उपप्रधान महासभा, श्री कान्ति प्रसाद टाईगर पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राज. एवं उपप्रधान महासभा, श्री कैलाश शर्मा (साली वाले) पूर्व महामंत्री प्रदेश सभा एवं प्रदेश प्रभारी राजस्थान, श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री राहुल शर्मा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, श्री रामगोपाल तह. अध्यक्ष, श्री रामप्रकाश यादव पूर्व सरपंच, श्री मुंशीराम जी, श्री राधेश्याम चिचावा कार्यालय मंत्री महासभा, श्री रामजीलाल जांगिड संगठन मंत्री महासभा, श्री नवरतन राजोरिया पूर्व विधायक फुलेरा, श्री निर्मल गजरिया मुम्बई, श्रीमती तारा देवी सरपंच, श्रीमती शकुन्तला देवी उपाध्यक्ष एवं सुनिता देवी डायरेक्टर विद्याधाम इन्टरनेशनल स्कूल वापी, श्री कल्याण जी तह. अध्यक्ष रेनवाल, श्री राधेश्याम जांगिड उपाध्यक्ष प्रदेश सभा राज., श्री बालूराम जी इन्दौर, श्री नन्द किशोर जी अजमेर, श्री रामेश्वर जी पूर्व अध्यक्ष रेनवाल, श्री चतुर्भुज जी जोबनेर, श्री रामनिवास जी वापी, श्री शिवदयाल जी पी.टी.आई., श्री रामस्वरूप जी, मातृ शक्ति पुष्पा शर्मा, चन्दा शर्मा, कमला शर्मा, विमला शर्मा, सुशीला शर्मा, श्री रामकिशन जी पूर्व सरपंच, श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे, श्री हरिराम जांगिड दीप विश्वकर्मा, श्री सुनील जी भास्कर, श्री रणवीर जी, हंसराज एवं किशोर जी जयपुर, श्री राम शर्मा, बजरंग जी, ईश्वर जी पूर्व सरपंच पूर्व प्रधान सांगानेर, पूर्व सरपंच तुलसी देवी जांगिड आदि मंचासीन हुए।

सभी अतिथियों का माल्यार्पण, दुपट्टा एवं साफा द्वारा श्री राधेश्याम आर. वापी, श्री कैलाश चन्द्र जी, श्री सुभाष चन्द्र एवं श्री सुरेश कुमार जांगिड द्वारा सम्मान किया गया।

मंच संचालन श्री कैलाश शर्मा (साली वाले) जयपुर द्वारा किया गया।

इस अवसर पर अतिथियों द्वारा उद्बोधन हुआ, जिसमें लगभग सभी ने राजनैतिक क्षेत्र पर अपने विचार रखे तथा सभी ने आयोजकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। अन्त में श्री कैलाश चन्द्र जांगिड (पूर्व अध्यक्ष कॉ. ऑपरेटिव सोसायटी बाघावास एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य जयपुर) द्वारा सभी पधारे समाज बन्धुओं एवं अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा सभी को ''प्रसादी'' के लिए आमंत्रित किया।

**जां.ब्रा. धर्मशाला विकास समिति भन्दे बालाजी (दूदू) जयपुर द्वारा चतुर्थ सामूहिक विवाह सम्मेलन 7 जुलाई, 2018 को**

जां.ब्रा. धर्मशाला विकास समिति भन्दे बालाजी तहसील दूदू (जयपुर) के तत्वावधान में 7 जुलाई, 2018 को जां.ब्रा. समाज चतुर्थ सामूहिक विवाह व सामाजिक सम्मेलन श्री श्री 108 संत प्रवर श्री सर्वेश्वरदास जी महाराज के सान्निध्य में भन्दे बालाजी की पावन धरा पर होगा। श्री हनुमान प्रसाद गोगोरिया सांगानेर संरक्षक धर्मशाला की संरक्षकता व श्री कैलाश चन्द लोईवाल की अध्यक्षता में 21 जोड़ों का नि:शुल्क सम्मेलन का आयोजन होगा। 10 जून, 2018 को युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन श्री रतन लाल हर्षवाल तहसील अध्यक्ष दूदू की अध्यक्षता में हुआ। सामाजिक सम्मेलन के मुख्य अतिथि श्री रविशंकर जांगिड राष्ट्रीय प्रधान महासभा दिल्ली तथा परिचय सम्मेलन के मुख्य अतिथि रहे श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान।

## प्रदेश सभा राजस्थान द्वारा ''समाजोत्थान पर मंथन'' आयोजित बैठक सम्पन्न

26 मई, 2018 को प्रदेश सभा भवन विद्याधर नगर, जयपुर में प्रदेश सभा राजस्थान द्वारा समाज के उत्थान हेतु एक बैठक आयोजित की, जिसमें सभी प्रदेश कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्षों को आमंत्रित किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष श्री लखन शर्मा द्वारा की गई। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय प्रधान श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड), डॉ. समित शर्मा (आई.ए.एस.), डॉ. जोगाराम जांगिड (आई.ए.एस.), श्री देवेन्द्र स्वरूप शर्मा (से.नि. आर.ए.एस.), श्री ओमप्रकाश जांगिड (आर.ए.एस.), श्री बी.सी. शर्मा पूर्व वरिष्ठ उपप्रधान महासभा, श्री एम.एल. जांगिड (बैंक ऑफ बड़ौदा), डॉ. अशोक जांगिड, श्री सुरेश पिलवाल आदि को मंचासीन श्री राजेश शर्मा महामंत्री प्रदेश सभा द्वारा करवाया गया।

भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा-अर्चना अतिथियों द्वारा की गई एवं भगवान विश्वकर्मा जी की सामूहिक आरती हुई।

जैसा कि माला-साफा द्वारा सम्मान करने की परम्परा को पहले से ही बन्द किया गया। केवल राष्ट्रीय प्रधान पहली बार मीटिंग में उपस्थित होने पर उनका माल्यार्पण द्वारा सम्मान किया गया।

समाजोत्थान के लिए मंथन का शुभारंभ किया गया, जिसमें अतिथियों द्वारा केवल सरकार द्वारा जारी विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला गया। जैसे सामाजिक संस्थाओं को सरकार द्वारा भूखण्ड आवंटन योजना, समाज के असंगठित कारीगर बन्धुओं हेतु सरकार द्वारा योजना, छात्र/छात्राओं को सरकार से मिलने वाली छात्रवृत्ति का लाभ दिलाने वाली योजना, सरकार द्वारा विभिन्न बीमा योजना तथा छोटे उद्योगों के लिए सरकार से मिलने वाले ऋण व अनुदान पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला।

पाण्डाल में उपस्थित समाज के पदाधिकारियों एवं समाज बन्धुओं को उपरोक्त बिन्दुओं पर अपनी कठिनाईयों का भी समाधान भी प्राप्त हुआ।

डॉ. जोगाराम जांगिड द्वारा अपने उद्बोधन में कहा सर्वप्रथम तो हमें हमारे ऑफिस/कार्यालय का सेटअप बेहतरीन तरीके से करना चाहिए, चाहे कार्यालय किसी भी स्तर पर हो। विभिन्न प्रकार के प्रकोष्ठ हमें स्थापित करना चाहिए ज्यादा से ज्यादा 4 प्रकोष्ठ, जिसमें एक्टिव लोगों को शामिल करें, जिनको उस विषय की जानकारी हो, सभी जिलों में हो, जैसे :-

**1. शिक्षा के लिए :** न्यूनतम् 3 व्यक्ति हों, जिसमें संयोजक, अध्यक्ष व मंत्री आदि।

**2. समाज के कल्याण के लिए :** जैसे विधवाओं, असहाय, विकलांग आदि सेक्टर की सहायता हेतु।

**3. कर्मचारी व पदाधिकारियों :** समाज के कर्मचारियों व अधिकारियों का।

**4. कम्युनिकेशन (संपर्क) :** सरकार व समाज में समन्वय बनाने के लिए प्रकोष्ठ का गठन करना।

महिने व दो महिनों में इन चारों प्रकोष्ठों की समीक्षा करेंगे तो निश्चित रूप में हम प्रोग्रेस कर पायेंगें। हमें एजेंडा बनाकर कार्य करना है। समाज की प्रोपट्री है सुरक्षित नहीं है, मेन्टेण्ड भी नहीं है, उनकी सूची बनानी है। जहाँ नहीं है वहाँ प्रत्येक जिलों में भूमि आवंटन कराने के लिए कर जमा करवाएं (डॉ. अशोक जांगिड), नगर पालिका व ग्रामीण सेवा में अलग-अलग नियम हैं। भूमि 3-4 तलाश कर लो उन पर पार्षद से बातकर फॉरमेट भरकर जमा करा सकते हैं। राजस्थान में 190 नगर पालिकाएं हैं। ग्रामीण क्षेत्र में एस.डी.एम. एवं कलेक्टर साहब के यहाँ फाईल लगानी होती है। आप पटवारी व तहसीलदार से जानकारी लेकर आवेदन कर सकते हैं।

आज हम अगले 20 वर्षों की बात कर रहे हैं। प्रत्येक मीटिंग में सरकारी योजनाओं की कॉपी बांटें। समाज के पास फण्ड नहीं है पर इन चीजों के लिए फण्ड की आवश्यकता ही नहीं। बस आपको जानकारी होनी चाहिए। इसके लिए आप युवा टीम को भी साथ रख सकते हैं।

मास्टर प्लान में भूमि के उपयोग के बारे में होता है, पहले ये मालूम हो कि यह भूमि मास्टर प्लान में है। आवंटन की दर भी अलग-अलग होती है। जैसे हॉस्पिटल, स्कूल, सामूहिक भवन, छात्रावास छूट के लिए राज्य सरकार के पास जाए।

श्री ओ.पी. जांगिड द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि जमीन अलॉटमेन्ट के लिए जनप्रतिनिधियों से संपर्क करें। आपने कहा कि ऑफिस खोलें, कियोस्क खोलें, कम्प्यूटर व वेबसाइट पर सुविधाएं जिला व प्रदेश सभा से करवाएं।

श्रमिक योजनाओं का लाभ भी मिले, निर्माण श्रमिक समिति का पंजीयन कराये। अगर 90 दिन कार्य करें तो जैसे नरेगा, सड़क, नालियां आदि में फार्म नं. 6 भरे व रसीद प्राप्त होते ही 15 दिन में रोजगार दिया जाता है, वहीं बेरोजगारी भत्ता भी दिया जाता है। ग्राम पंचायत व ठेकेदारों द्वारा हम प्रमाण-पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

बेलदार, कुआँ, लकड़ी, कारपेन्टर आदि का कार्य शामिल है। श्रम विभाग के माध्यम से 18-60 वर्ष की उम्र का पंजियन होना चाहिए।

शादी के लिए भी अनुदान की राशि आपकी योग्यतानुसार मिलती है। छात्रवृत्ति भी कक्षा 6 से स्नातक, स्नातकोत्तर एवं एम.बी.बी.एस. आदि के लिए तथा 75% से अधिक लाने वाले छात्रों को आर्थिक सहायता के रूप में दिया जाता है।

इसी प्रकार पंजियन श्रमिकों को 5 लाख व सामान्य व्यक्तियों को 2 लाख रुपए, अगर सरकारी अस्पताल में डिलीवरी हो तो तथा अधिकतम 2 बच्चों तक बेटा व बेटी के लिए अनुदान मिलता है।

बीमारियों के लिए 3 लाख रु. तक का अनुदान मिलता है।

खाद्य सुरक्षा में नाम जोड़ने पर 2 रुपए किलोग्राम से परिवार को गेहूं मिलता है।

आपको बीमा का स्वास्थ्य लाभ एक साल में मिलने लगेगा। एक वर्ष में सामान्य बिमारी के लिए 20,000/- तथा गंभीर 3 लाख रु. मिलता है। इसके लिए भामाशाह कार्ड, राशन कार्ड तथा श्रमिक कार्ड की आवश्यकता होगी।

एक वर्ष तक इलाज मुफ्त, रहने, दवाई आदि का खर्च, प्राईवेट अस्पताल में 3 लाख तक ईलाज मिलता है।

प्रधानमंत्री योजना में मकान नहीं है, कच्ची छत है तो 1.5 लाख रु. मकान के लिए दिया जाता है।

समाज कल्याण विभाग में बी.पी.एल. परिवार के बच्चों को दो बच्चियों की शादी के लिए अगर उम्र 18 से 21 वर्ष है तो 8वीं पास के लिए 20 हजार, 10वीं पास के लिए 30 हजार, स्नातक के लिए 40 हजार ये सभी योजनाएं ऑन लाईन हैं।

पालनहार योजना के अन्तर्गत आंगनबाड़ी में पंजीयन होना आवश्यक है। उसमें विधवा भी इस योजना का लाभ ले सकती है।

इस योजना में 228 करोड़ का फण्ड है तथा 1.25 लाख लोगों को सहायता दी जा रही है।

संघ लोक सेवा आयोग में आई.ए.एस., आई.ए.एस. (मैन्स), आई.ए.एस. (साक्षात्कार) में पास होने पर मूल निवास प्रमाण पत्र पर 2.5 लाख रुपए तक की राशि दी जाती है। विकलांगों की शादी के लिए 50,000/-, शादी का कार्ड, आय, शादी का पंजीयन होना चाहिए।

राज श्री योजना : बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जन्म में लेकर एक साल तक टीकाकरण तथा कक्षा प्रथम से 12वीं तक अनुदान मिलता है।

श्री एम.एल. जांगिड (बैंक ऑफ बड़ौदा) द्वारा प्रधानमंत्री जीवन बीमा, 12रु. में 2 लाख 18-70 वर्ष तक के तथा मृत्यु होने पर 70,000/- रु. मिलते हैं।

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति : 43 रु. में बीमा, 18-50 वर्ष तक तथा मृत्यु पश्चात् 2 लाख रुपए।

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना : आपको 50,000 से 10 लाख रु. का ऋण कार्यों के लिए मिलता है।

शिक्षित बेरोजगार योजना के तहत ओ.बी.सी. 25 लाख व महिलाओं को 30 लाख तक ऋण। ये ऑन लाईन है, बैंक से सीधी आपकी एप्लीकेशन जाती है।

राजस्थान भामाशाह योजना : 8% ब्याज की सब्सिडी मिलती है। खेती के लिए फसल बीमा योजना का लाभ मिलता है। ओ.बी.सी. में आरक्षण का लाभ : किसी लोअर सर्विस क्लास पर लागू नहीं होती। 2.5 लाख से 8 लाख तक क्रिमिलेयर में नहीं आता है।

डॉ. समित शर्मा (आई.ए.एस.) ने समाज को आगे ले जाने की आवश्यकता के लिए समाज संगठन, अच्छे संस्कार देने वाले कैसे बने, शिक्षा सहायता एवं सम्पत्तियों पर अपने विचार रखे। चूंकि समाज कल्याण विभाग आपके अधीन है, अत: इस पर आपको किस प्रकार लाभ मिल सकता है, उसके बारे में विस्तार से अवगत करवाया, ताकि आप लाभ पूर्ण रूपेण अर्जित कर सकें।

आपने बताया आपको किसी भामाशाह के पास जाने की जरूरत नहीं है। सबसे बड़ा भामाशाह तो स्वयं सरकार ही है। सबको साथ रखकर संगठन को कड़ी से कड़ी जोड़कर मजबूत बनाना, अच्छे संस्कारों की बात पहले करें फिर कुछ करें। कुरुतियों से व्यक्ति दूर रहें।

समाज कल्याण से आपको छात्रवृत्ति मिलती है। विधवा पेंशन, परित्यक्ता, तलाकशुदा आदि को पेंशन मिलती है।

श्री देवेन्द्र शर्मा (आर.ए.एस.) द्वारा अपने उद्‌बोधन में कहा कि ई-मित्र पर सारी योजनाएं हैं। आपने कहा कि जो सबसे शोषित लोग हैं उनको समाज कल्याण विभाग सहायता देता है। उन्होंने कहा हम एक प्रतिशत होते हुए आज राज्य में 4 आई.ए.एस. हैं। सबसे अन्तिम छोर वाले समाज बन्धु को सहायता मिले, इससे ज्यादा पुण्य का कार्य कोई हो ही नहीं सकता।

राष्ट्रीय प्रधान श्री रविशंकर शर्मा द्वारा कहा गया कि आज जो भी हमें प्रशासनिक अधिकारियों का मार्ग-दर्शन मिला है, उसे तहसील, जिलों तक पहुँचाने का कार्य करेंगें। सभी अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया और आज की कार्यशाला के परिणाम दूरगामी होंगें तथा निश्चित रूप से हम इसमें कामयाब होंगें।

श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष द्वारा कहा गया कि हमारी महासभा को 111 वर्ष हो गए, लेकिन हमारा विकास उस स्तर तक नहीं हुआ। वास्तव में मंथन की आवश्यकता है। 3 वर्षों में प्रदेश व जिले अगर कार्य नहीं करेंगें तो वो पीछे रह जाएंगें। समाज की पीड़ा को मैंने नज़दीक से देखा है तथा मेरा कार्य ही मेरी पहचान बनेगी। हमने बहुत सारे कार्य हाथ में ले रखे हैं। हमारे संगठन को मजबूत करने के लिए प्रत्येक जिलाध्यक्ष हर शनिवार व रविवार को अपने कार्यालय में बैठे। हम तीन वर्षों में नया राजस्थान बनाएंगें।

अन्त में मंच संचालन कर रहे राजेश शर्मा (महामंत्री प्रदेश सभा) द्वारा सभी आगन्तुक अतिथियों का आभार प्रकट किया, जिन्होंने व्यस्ततम् समय में से अपना अमूल्य समय निकालकर हमारे एक छोटे से आग्रह पर समाज को मार्गदर्शित करने यहाँ उपस्थित हुए और सभी जिलाध्यक्षों एवं प्रदेश उपाध्यक्षों का भी धन्यवाद करता हूँ। सभी को स्नेह भोज के लिए आमंत्रित किया।

## अ.भा.जां.ब्रा. महासभा जिला सभा अजमेर द्वारा छात्रवृत्ति वितरण एवं युवा शाखा सभा नसीराबाद द्वारा एफ.डी.आर. वितरण समारोह सम्पन्न

27 मई, 2018 को अ.भा.जां.ब्रा. महासभा जिला सभा अजमेर एवं युवा शाखा सभा नसीराबाद के तत्वावधान में छात्रवृत्ति वितरण, जिला सभा कार्यकर्ता अभिनन्दन एवं एफ.डी.आर. वितरण समारोह का आयोजन कम्यूनिटी हॉल, गांधी चौक, नसीराबाद में आयोजित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि श्री नेमीचन्द गुगरिया (प्रसिद्ध भामाशाह एवं समाज सेवी, गांधी धाम) तथा समारोह की अध्यक्षता श्री सत्यनारायण दायमा जिलाध्यक्ष अजमेर द्वारा की गई। अतिविशिष्ठ अतिथि श्री बी.सी. शर्मा (पूर्व वरिष्ठ उपप्रधान महासभा) जयपुर तथा विशिष्ट अतिथियों में श्री आर.सी. शर्मा ''गोपाल'' पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान जयपुर, श्रीमती सुशीला भगवती प्रसाद वयोवृद्ध समाज सेवी अजमेर, श्री मोहनलाल पाटोदिया प्रसिद्ध भामाशाह एवं समाज सेवी ब्यावर, श्री भोलाराम हर्षवाल मुख्य संरक्षक जिला सभा अजमेर, श्री उमाशंकर पालडिया पूर्व महामंत्री महासभा तथा श्री चौथमल जांगिड जिलाध्यक्ष सीकर आदि मंचासीन हुए।

मुख्य अतिथि द्वारा गणेश एवं विश्वकर्मा, अंगिरा जी का पूजन हुआ, जिसमें सभी अतिथियों ने सहयोग किया।

मुख्य अतिथि श्री नेमीचन्द का माल्यार्पण कर, साफा बन्धवाकर,

शॉल ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर श्री सत्यनारायण दायमा, श्री भोलाराम हर्षवाल, श्री रमाप्रसाद बोदल्या, श्री सतीश चन्द तामडोलिया, गणेश लाल नागल, श्री रामस्वरूप निशान, श्री ताराचन्द सेवाल एवं पदाधिकारियों द्वारा सम्मान किया गया। सभी 45 जोड़ों को अतिथियों का माल्यार्पण, शॉल ओढ़ाकर तथा प्रतीक चिह्न भेंटकर कर जिला सभा एवं युवा शाखा सभा के पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया।

श्री सत्यनारायण दायमा जिलाध्यक्ष द्वारा आगन्तुक अतिथियों का आभार जताते हुए अपने तीन वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों से अवगत कराते हुए कार्यकाल का आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया तथा सभी को एक-एक कॉपी विमोचन करने के उपरान्त वितरण की।

मंचासीन मुख्य अतिथियों द्वारा 10 छात्र/छात्राओं को प्रमाण-पत्र, नगद राशि व मेडल प्रदान कर छात्रवृत्ति वितरण की गई जो जिला सभा अजमेर की ओर से प्रायोजित थी। सामूहिक विवाह सम्मेलन जोकि नसीराबाद युवा शाखा सभा द्वारा सम्पन्न हुआ था, उसकी एफ.डी.आर. वितरण भी अतिथियों के कर-कमलों द्वारा हुआ। महिला बाल विकास विभाग की ओर से प्रत्येक जोड़ों को 15000/- रु. की अनुदान राशि के रूप में एफ.डी.आर. वितरित की गई।

सभी जिला सभा कार्यकारिणी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का अभिनन्दन भी माल्यार्पण एवं अभिनन्दन-पत्र प्रदान कर किया गया, जिसमें सभी तहसीलों व शाखा सभाएं अजमेर की उपस्थिति थी, जिसमें 13 संरक्षक, 17 मंत्री, उपाध्यक्ष, चुनाव प्रभारी, 8 तहसील प्रभारी, 8 सलाहकार, 14 संगठन प्रचार मंत्री, 21 शाखा सभाध्यक्ष, महिला अध्यक्ष, युवा अध्यक्ष, समिति अध्यक्ष 14 सदस्यों को सम्मानित किया गया।

अतिथि उद्बोधन में श्री आर.सी. शर्मा 'गोपाल' द्वारा कहा गया कि हमें प्राईमरी से मिडिल क्लास तक के बच्चों की पढ़ाई पर पूर्ण देखरेख की आवश्यकता है। इनको केवल पास ही होना है बल्कि इसके साथ सुसंस्कार भी इनमें आना चाहिए। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को किताबें (कोर्स की) स्वयं को ही अध्ययन करना चाहिए, कोचिंग या ट्यूशन नहीं करना चाहिए। 2014 के बाद राजस्थान में कोई आई.ए.एस. समाज का नहीं बना। राजनीति में हम टिकिट कैसे प्राप्त करें इस पर पूर्णतया ध्यान देने की आवश्यकता है। प्रशासनिक सेवा में कम से कम हम समाज व देश की सेवा तो कर सकते हैं। यह मुश्किल जरूर है पर नामुमकीन नहीं है। हमें वृक्षारोपण के लिए भी जागरूक होना है। जिला सभा को भी इस आयोजन पर धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर श्रीमती प्रेम देवी जांगिड पूर्व सरपंच का भी सम्मान किया गया, जो अभी हाल ही में नेपाल के उपराष्ट्रपति द्वारा सम्मानित हुई है।

श्री उमाशंकर पालड़िया ने अपने उद्बोधन में कहा कि संस्थाओं द्वारा एक प्रोपर सिस्टम से कार्य होना चाहिए। परिवार एक साथ बैठकर भोजन करें ताकि उनमें जुड़ाव बना रहे। आज पूरा देश तप रहा है, ग्लोबल वार्मिंग की वजह से हमें वृक्षारोपण के साथ-साथ पानी की बचत, बिजली की बचत, ईंधन की बचत तथा वाटर हार्वेस्टिंग आदि वातावरण को अनुकूल बनाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को करना है।

महिला युवा शक्ति की अध्यक्ष श्रीमती सविता कींजा एवं उनके पदाधिकारियों का भी पुष्पहार एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया।

आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के अध्यक्षों को अभिनन्दन पत्र भेंटकर तथा युवा शाखा नसीरबाद के सम्मेलन समिति को भी सम्मानित किया गया।

श्री बी.सी. शर्मा जी ने कहा कि हम आज संगठित नहीं है। हमें संगठन को मजबूत करने का पूर्ण प्रयास करना चाहिए। जिला सभा, युवा शाखा सभा के पदाधिकारियों का इस आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।

मुख्य अतिथि श्री नेमीचन्द जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि व्यक्ति का मन बड़ा होना चाहिए। अच्छे कार्यों को करने को आगे रहना चाहिए। उन्होंने कहा वृक्षारोपण के अन्तर्गत 400 पौधे गाँव में लगाएं। 30 पौधे तो मैंने नये घर में ही हाल में लगाए। 15 गायें फार्म हाऊस में है, जिनकी पूर्ण देखभाल की जा रही है। आपके द्वारा बनाए मन्दिर में पूजा-पाठ नियमित होती है। आपके यहाँ कोई असहाय छात्र/छात्रा हो जो आगे पढ़ाई करने में सक्षम नहीं है, उसे मैं जब तक वह पढ़ेगा उसका खर्च उठाऊंगा। पूर्व में भी वे 10 छात्र-छात्राओं का शिक्षा खर्च वहन कर रहे हैं। विश्वकर्मा राजनैतिक मंच के माध्यम से हम भी प्रयास कर रहे हैं कि राजनीति में समाज आगे आए। रामगोपाल सुथार को टिकिट दिलवाने का पूरा प्रयास कर रहे हैं1 समाज सेवा में स्वार्थ की भावना नहीं होनी चाहिए। बिना संगठन के समाज में राजनीति में जाना भी संभव नहीं होगा। शिक्षा के प्रति भी जागरूक हूँ कई छात्रावासों में मैंने आर्थिक सहयोग किया ताकि समाज शिक्षा में अग्रणी हो सके।

अजमेर जिले के अतिरिक्त बाहर से कोटा, बूंदी, भीलवाड़ा, चित्तौड़, बांरा, उदयपुर, जयपुर, सीकर आदि जिलों से जोड़ों के साथ महिलाएं एवं पुरुष भी पधारे। लगभग 700-800 समाज बन्धुओं ने समारोह में शिरकत की।

इस अवसर पर तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर जिलाध्यक्ष श्री सत्यनारायण जी दायमा का अतिथियों द्वारा सम्मानित किया। श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे एवं श्री गणपतलाल जी ''जांगिड केसरी'' का भी जिला सभा द्वारा सम्मान किया गया।

मंच संचालन सतीश चन्द्र जिला मंत्री, श्री राजेन्द्र जालोडिया ने किया।

श्री भोलाराम हर्षवाल ने भी सभी को धन्यवाद दिया तथा मुख्य अतिथि एवं अतिथियों का आभार जताया। जिलाध्यक्ष द्वारा समापन की घोषणा की।

## श्री विश्वकर्मा वेलफेयर सोसायटी का तृतीय वार्षिक सम्मेलन सम्पन्न

23 मई, 2018 को श्री विश्वकर्मा वेलफेयर सोसायटी गुरुग्राम हरियाणा की तरफ से तृतीय वार्षिक विश्वकर्मा समाज सम्मेलन आयोजित किया गया। धनवापुर रोड़ स्थित एस.एस. वाटिका में आयोजित इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा सरकार के लोक निर्माण और नागरिक उड्डयन मंत्री राव नरबीर सिंह व अखिल भारतीय विश्वकर्मा पांचाल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष वेद प्रकाश पांचाल उपस्थित रहे।

सम्मेलन में अतिविशिष्ट अतिथियों में सीमा शर्मा विश्वकर्मा

वरिष्ठ समाज सेविका, उषा विश्वकर्मा अभिनेत्री छत्तीसगढ़, बबीता पांचाल प्रदेश अध्यक्ष महिला विश्वकर्मा समाज, यशपाल पांचाल, रमेश पांचाल, भाजपा नेता सुनील पांचाल लोनी गाजियाबाद, वरिष्ठ समाज सेवी दिनेश वत्स विश्वकर्मा, राघवेन्द्र शर्मा गुडगांव, वरिष्ठ समाज सेवी होरीलाल शर्मा दिल्ली, हरीश शर्मा दिल्ली, सुभाष पांचाल फरीदाबाद, संजय पांचाल, डॉ. आर.के. जांगडा विश्वकर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

श्री विश्वकर्मा वेलफेयर सोसायटी गुरुग्राम के अध्यक्ष निरंजनलाल पांचाल, महासचिव मधुसूदन विश्वकर्मा व प्रधान बलवीर पांचाल ने कार्यक्रम की सफलता के लिए अथक प्रयास किया। संस्था की तरफ से सभी अतिथियों का सम्मान किया गया। अध्यक्षता सतीश चन्द विश्वकर्मा ने की। कार्यक्रम का संचालन समाज सेवी वेद प्रकाश शर्मा ने की।

बबीता पांचालन ने उठाया विश्वकर्मा दिवस पर मजदूर दिवस मनाने का मुद्दा : समाज सेवी बबीता पांचाल ने सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हरियाणा के कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह के सामने भगवान विश्वकर्मा दिवस को श्रम दिवस या मजदूर दिवस के रूप में मनाने के फैसले का विरोध किया। मंच से उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा समाज ने सरकार बनाने का काम किया है तो गिराने का भी काम करेगा। हरियाणा सरकार अपने फैसले को वापस ले। विश्वकर्मा दिवस के दिन विश्वकर्मा दिवस ही मनाया जायेगा न कि श्रम या मजदूर दिवस। यदि सरकार ने फैसला वापस नहीं लिया तो विश्वकर्मा समाज अपने कुल के सम्मान में फैसला करने में सक्षम है।

विशिष्ट अतिथि यशपाल पांचाल ने अपने सम्बोधन में समाज को एकत्रित करने की बात कही। मुख्य अतिथि वेद प्रकाश पांचाल ने अपने संबोधन में समाज को आगे ले जाने के लिए समाज के लोगों का आह्वान किया व कई तरह के उदाहरण प्रस्तुत कर लोगों को प्रेरित किया। अन्य अतिथियों ने भी सम्मेलन को सम्बोधित किया।

मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि किसी भी समाज या बिरादरी को अपना भवन बनाने के लिए जमीन आवंटित कराने के लिए कलेक्टर रेट की 35 प्रतिशत राशि देनी पड़ेगी। हरियाणा सरकार ने इसके लिए नई नीति बनाई है। यह बात उन्होंने श्री विश्वकर्मा वेलफेयर सोसायटी के भवन निर्माण हेतु जमीन की मांग पर कही। मंत्री श्री सिंह ने श्री विश्वकर्मा वेलफेयसर सोसायटी को अपने निजी कोष से 2 लाख रुपए देने की घोषणा भी की।

समाज के छोटे-छोटे बच्चों ने स्वागत गीत व नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में शमा बांधा। संचालन कर रहे समाज सेवी व भजन गायक वेद प्रकाश शर्मा ने अपनी जादुई आवाज़ से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सफल संचालन के लिए आयोजक समिति ने उन्हें धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर पार्षद ब्रह्म यादव, सतीश चन्द्र विश्वकर्मा, सूर्यकांत पांचाल, रवीन्द्र विश्वकर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

**श्री विश्वकर्मा मन्दिर जांगिड समाज संस्था जैतारण पट्टी द्वारा प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन 5 जुलाई, 2018 को**

श्री विश्वकर्मा मन्दिर जांगिड समाज संस्था, समस्त जैतारण पट्टी, जैतारण (पाली) द्वारा प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन 5 जुलाई, 2018 को आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर विश्वकर्मा मन्दिर जीर्णोद्धार की प्रतिष्ठा एवं मुख्य द्वार पर मूर्ति स्थापना की जाएगी।

29 जून, 2018 से 4 जुलाई, 2018 को विश्वकर्मा पुराण कथा वाचन श्री श्री सीताराम जी (शंकर महाराज डागियांवास) द्वारा होगा।

4 जुलाई, 2018 को ही स्मारिका-2018 का विमोचन होगा।

4-5 जुलाई, 2018 को भामाशाह एवं अतिथियों का सम्मान समारोह आयोजित होगा।

29 जून, 2018 से 4 जुलाई, 2018 तक कलश यात्रा, ध्वजा रोहण, मूर्ति स्थापना, मांगलिक कार्यक्रम उचित मुहूर्त के अनुसार किया जाएगा।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क सूत्र श्री रामेश्वर जोपिंग (अध्यक्ष) 9799012388, श्री किशन आसलिया (सभाध्यक्ष) 9882362620, हनुमान लाल बुढल (सचिव) 8769337701

**जांगिड ब्राह्मण सभा चण्डीगढ़/पंचकूला द्वारा ''भगवान श्री विश्वकर्मा नमन'' समारोह का आयोजन सम्पन्न**

3 जून, 2018 को भगवान श्री विश्वकर्मा भवन सेक्टर-20, पंचकूला सोसायटी नं. 92 के समीप जांगिड ब्राह्मण सभा चंडीगढ़/पंचकूला द्वारा भगवान श्री विश्वकर्मा नमन समारोह का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि श्री नायब सिंह जी सैणी श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री हरियाणा सरकार थे तथा समारोह की अध्यक्षता श्री ज्ञानचन्द गुप्ता विधायक हल्का पंचकूला द्वारा की गई। अतिविशिष्ट अतिथि श्री शेर सिंह जांगडा प्रदेशाध्यक्ष अ.भा.जां.ब्रा. महासभा हरियाणा प्रदेश एवं श्री रामचन्द्र जांगडा हरियाणा पिछड़ा वर्ग कल्याण निगम के अध्यक्ष, पूर्व न्यायाधीश श्याम लाल जांगडा, सेवा निवृत जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री जयसिंह जांगडा के सान्निध्य में आयोजित किया गया।

श्री व रोजगार मंत्री ने कहा कि यदि पंजीकृत श्रमिक का बच्चा बोर्ड की परीक्षाओं में 90% या अधिक अंक प्राप्त करता है तो उसे प्रोत्साहन राशि के रूप में 51000/-रु. दिए जायेंगें। उन्होंने भवन के अधूरे निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए 11 लाख रु. देने की घोषणा की।

अतिथियों द्वारा भी अपने विचार रखे गए। जां.ब्रा. सभा की ओर से कथूरा (गोहाना) की सोनिया जांगडा को हरियाणा गौरव-2018 से सम्मानित किया गया। श्रमिकों के लिए अलग से कौशल अकादमी खोली गई, जहाँ 3-6 महिनों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

सभा को चंडीगढ़ व पंचकूला के प्रधान श्री रामपाल जांगडा ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर श्री सीताराम बरवाड़िया एवं श्री ओमप्रकाश चोयल अजमेर सहित सैंकड़ों समाज बन्धुओं की उपस्थिति रही।

**आयुषी विद्या मन्दिर सी.सै. स्कूल शीतला माता (चाकसू) जयपुर का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा**

शंकर जांगिड सुपुत्र स्व. श्री नाथूलाल जांगिड (संस्थापक) थूनी (चाकसू) जोकि नगर पालिका चाकसू से पार्षद भी है तथा आयुषी विद्या

मन्दिर सी.सै. स्कूल शीतला माता, चाकसू, जयपुर का संचालन भी कर रहे हैं। स्कूल के प्रथम बैच में 16 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिसमें 15 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी एवं एक विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुआ और इस प्रकार स्कूल का (माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर) का सी.सैकण्डरी परीक्षा का परिणाम शत–प्रतिशत रहा। अधिकतम प्राप्तांक 89% तक रहा। शंकर लाल जी को बहुत–बहुत बधाई।

**विश्वकर्मा धाम कानोड़ का तृतीय वार्षिक महोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन सम्पन्न**

28 मई, 2018 को श्री विश्वकर्मा धाम कानोड़ में तृतीय वार्षिक महोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन श्री श्री 1008 श्री महंत श्री ओंकार भारती जी परेऊ मठ के सान्निध्य में हुआ, जिसमें भजन संध्या के कार्यक्रम में विशनाराम सुथार व ताराचन्द सुथार ने भजनों की प्रस्तुतियां दी। महंत जी ने इस अवसर पर नशा मुक्ति पर जोर देते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी को नशे की लत लग रही है, इससे वे अपने स्तर से नीचे जा रहे हैं, उन्होंने इससे दूर रहने की सलाह दी। हमें फिजूलखर्ची को छोड़कर बच्चों/बच्चियों की शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए। माता–पिता से बढ़कर कोई तीर्थ नहीं है, इसलिए कभी उनकी आँखों में आंसू मत आने देना।

इस अवसर प्रतिभाओं को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा भामाशाओं को भी सम्मानित किया गया। श्री नरपत चंद पीड़मा (मातोश्री हार्डवेयर मुम्बई) द्वारा निर्मित कबूतरों के चबूतरे का लोकार्पण कर समाज को सुपुर्द किया तथा प्रत्येक वर्ष 1 बोरी बाजरा कबूतरों के लिए उपलब्ध करवाने की घोषणा भी की।

भामाशाह श्री छगनलाल बरड़वा ने नन्हें–मुन्नों के लिए टिफिन व पानी की केतली भेंट की। लाईट डेकोरेशन की सम्पूर्ण व्यवस्था लाभुओनी पीड़मा परिवार द्वारा की गई। हनुमान राम पीड़मा ने बैनर व पोस्टर का सम्पूर्ण खर्च वहन किया। यू–ट्यूब पर लाईव प्रसारण का खर्च श्री नरपत सिंह जी ने उठाया। प्रतिभाशाली विद्यार्थी हीराराम धीर (जिसके माता–पिता नहीं है) की नौकरी लगने तक पढ़ाई का सम्पूर्ण खर्च श्री विश्वकर्मा नवयुवक कानोड़ द्वारा वहन करने की घोषणा की गई।

वर्तमान में 11वीं कक्षा की छात्राएं हैं जो बाड़मेर छात्रावास में रहकर शिक्षा ग्रहण करना चाहती है, उनके लिए फ्री कोचिंग की जिम्मेदारी व्याख्याता श्री नेमीचन्द ओढ़ाना ने ली।

मंच संचालन श्री हरीश गैपाल द्वारा किया गया। इस समारोह में श्री सिरमेल कुलरिया राष्ट्रीय संरक्षक महासभा, बांकाराम बरड़वा, घेवरचन्द बालोतरा, नर्सिंग बालोतरा, मंगलाराम बोड़वा, नारायणराम बुढड़, भूराराम जोपिंग, रावताराम धीर, चुन्नी लाल पीड़मा, वेद प्रकाश पीड़मा आदि सैंकड़ों की संख्या में समाज बन्धु उपस्थित हुए।

**विश्वकर्मा हायर सैकण्डरी स्कूल दांतरदा कलां (श्योपुर) म.प्र. का परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ रहा**

सत्र 2017–18 में विश्वकर्मा हायर सैकण्डरी स्कूल दांतरदा कलां, जिला श्योपुर (म.प्र.) का परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ रहा। जिसमें 32 विद्यार्थियों ने सी.सै. परीक्षा में 65% से 87% तक अंक प्राप्त किए। वहीं सैकण्डरी परीक्षा में 42 विद्यार्थियों ने 60% से 92% तक अंक अर्जित किए। सैकण्डरी परीक्षा में मनीषा जांगिड 92% अंकों के साथ स्कूल में द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा रीटा जांगिड ने 79% अंक अर्जित किए।

विश्वकर्मा हायर सैकण्डरी स्कूल के संचालक श्री देवकीनन्दन जांगिड हैं। सम्पर्क सूत्र 9425718637

**श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ संगीतमय 7 दिवसीय समारोह महादेव प्रसाद भोला राम जांगिड सेवा सदन ट्रस्ट (फरीदाबाद) द्वारा हर्षोल्लास से सम्पन्न**

महादेव प्रसाद भोला राम जांगिड सेवा सदन ट्रस्ट (फरीदाबाद) द्वारा 18 मई, 2018 से 25 मई, 2018 तक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान का आयोजन किया गया। भागवत कथा कथावाचक परम् श्रद्धेय महाराज पं. जटाशंकर अनुज द्वारा भव्य झांकियों के साथ सुनाई गई। 18 मई को आयोजन का शुभारम्भ पूजा–अर्चना के बाद परम् श्रद्धेय कथा वाचक के सान्निध्य में भव्य कलश यात्रा एवं सुन्दर झांकियों के साथ हुआ। सैंकड़ों औरतों ने एक ही रंग की साड़ी में सजे हुए कलश एवं भागवत के साथ मंदिर प्रांगण से शुरूआत करते हुए डी.जे. पर नाचते–गाते हुए पूरे गाँव की फेरी के साथ ट्रस्ट द्वारा स्थापित हनुमान मंदिर में पहुँचकर सम्पन्न की। ट्रस्ट चेयरमेन नरोत्तम लाल जांगिड एवं धर्मपत्नी झिमा देवी ने जोड़े के साथ एवं श्री राजेन्द्र जांगिड पुत्र श्री बनवारी जांगिड ने भागवत को सिर पर रखकर कलश यात्रा में भाग लिया। तत्पश्चात् भागवत आरती के साथ कथा वाचक ने भीष्म स्तुति, परिक्षित को श्राप तथा सुकदेव आगमन की कथा एवं संस्मरण के साथ प्रारम्भ की। कथा के दौरान पं. जटाशंकर अनुज ने भागवत ज्ञान समझाया। प्रत्येक दिन तय कार्यक्रम के अनुसार ध्रुवचरित्र, प्रहलाद नृसिंह अवतार चरित्र, समुद्र मंथन, भगवान कृष्ण जी का जन्मोत्सव, माखन चोरी, गिरिराज पूजन, रूकमणि विवाह उत्सव, सुदामा का सुंदर संजीव चरित्र, परिक्षित मोक्ष तथा युधिष्टर का आखिरी समय एवं कृष्ण जी का कुत्ते के भेष में युधिष्टर की प्रतिज्ञा की परीक्षा इत्यादि संस्मरण बड़े सुंदर एवं आकर्षक झांकियों के साथ सुनाया गया। आए हुए सभी महानुभावों ने कथा को सुनकर आनंद उठाया एवं भगवान के पास प्रेम एवं भक्ति के साथ कैसे पहुँचा जा सकता है महसूस किया। नाच–गाने के साथ बच्चों एवं औरतों ने संजीवता का रूप प्रदान किया।

भागवत कथा के दौरान चाय, पानी, ठंडा, प्रसाद इत्यादि का पूर्ण प्रबंध ट्रस्ट की तरफ से रहा।

भगवान श्री कृष्ण, राजा हिरण्याकश्यप एवं भगवान श्री शंकर की झांकी जाजू जांगिड, प्रहलाद ,भगवान शिव एवं सुदामा का चरित्र आनंद जांगिड, वासुदेव का चरित्र हेमंन जांगिड, बाल कृष्ण जी का चरित्र चिन्कू जांगिड, ध्रुव का चरित्र कृष्ण जांगिड, बेटी भावना ने भगवान श्री कृष्ण एवं बेटी यशस्वी ने महारानी रूकमणी का सजीव रोल प्रस्तुत किया। दिनांक 25 मई, 2018 को प्रात: 10 जोड़ों ने हवन में भाग लिया तथा बाद में भागवत का सारांश पं. जटाशंकर जी ने सुनाया।

समापन पर रूपाणा धाम से महन्त गुरुजी पवन जी ने मंदिर में भोग लगाया। मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर स्वामी अर्जुन दास ने अपने प्रवचन से आए हुए सभी महानुभावों को भागवत कथा का वास्तविक भाषा में आज के चरित्र के रूप में बताया और आई हुई माता–बहनों को सभी से मीठे बोल बोलने को कहा और भगवान से प्रेम करने की

कला के बारे में बताया तथा अपने बच्चों को संस्कार देने, सभी का आदर करना सिखाना आदि को गम्भीरता से बताया। जयपुर से पधारे स्वामी किशनदास जी महाराज ने अच्छा आचरण अपनाने और भगवान को सदैव भक्ति द्वारा याद करने से मिलने वाले परिणाम एवं आनंद के बारे में बताया। गुरुजी पवन पुजारी ने भागवत के माध्यम से भीष्म पितामह, पांडव, कौरव, भगवान श्री कृष्ण, अर्जुन, माता कुन्ती इत्यादि के चरित्र को सभी को उस रूप को मन में मन से देखने की इच्छा शक्ति को समझाया। विशेष अतिथि के रूप में परिषद सदस्य श्री दिनेश सुन्डा, जांगिड जिला सभा झुंझुनूं प्रधान श्री मनरूप जांगिड, बैंक प्रबंधक श्री शिव शंकर, कस्टम अधिकारी श्री रामेश्वर दयाल जांगिड फरीदाबाद, पुलिस अधिकारी श्री बाबूलाल जांगिड जयपुर ने अपने विचार रखे और सभी को सामाजिक कल्याण के लिए ऐसे समारोह में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

ट्रस्ट के चेयरमेन श्री एन.एल. जांगिड (वरिष्ठ अधिवक्ता) एवं ट्रस्टी श्री सुमित जांगिड तथा श्रीमती झिमा देवी ने सभी आए हुए अतिथियों का अभिनन्दन किया तथा प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया और सभी आए हुए अतिथियों एवं नागरिकों को भण्डारे की प्रसादी लेने के लिए आमंत्रित किया।

समारोह में मुख्यत: श्री पोकरमल, श्री जयचंद, श्री बनवारी लाल, श्री गजानंद, श्री राम जी अध्यापक, श्री मातादीन परिषद सदस्य, श्री वेजनाथ, श्री पुरुषोत्तम, श्री संतोष, श्री गोपी, श्री गजानंद, श्री दयाराम, श्री नेमीचंद, श्री ओमवीर, श्री महेश, श्री जगदीश प्रसाद, माता कमला देवी, रूकमणी, विमला देवी (सीकर), विमला देवी जयपुर, भाती देवी, पतासी, मुन्नी देवी, बी.एस. पालीवाल (पूना), श्री मदन जी अजमेर, श्री अमित गोयल एवं चिन्नू गोयल फरीदाबाद, श्री रविशंकर, श्री रतन लाल झुंझुनूं, श्री रामअवतार पत्रकार, सेठ सांवरमल, श्री फूलचंद स्वामी, श्री प्रताप चौधरी, श्री मोहन कुमावत, श्री नरेन्द्र चौधरी, श्री विद्याधर गोदारा, श्री बाल शास्त्री, श्री बनचारी टेलर सुमेर, श्री सतवीर महेला, श्री सुदीप जांगिड, श्री द्वारिका प्रसाद (गुढा), श्री सांवरमल-विमला (डूमरा), श्री भागीरथ (बा. ढाणी), श्रीमती परमेश्वरी, सवित्रि महला, श्रीमतीा बरजी, श्री दुर्गा, सीता, श्री प्रभु-सुलोचना, नीमा, श्री बजरंग-चम्पा, श्री केशर, श्री महेन्द्र सुमित्रा देवी, श्री रामचन्द्र-सरबती, श्री कन्हैया-सविता, श्री बृजेश-प्रियंका, सुशीला शर्मा, शारदा शर्मा आदि उपस्थित रहे और भागवत कथा ज्ञान का आनंद उठाया।

## गौ सेवी एवं पर्यावरण प्रेमी श्री पदमाराम कुलरिया ''गंगा रत्न'' अवॉर्ड से सम्मानित

विश्व पर्यावरण दिवस पर ऋषिकेश स्थित परमार्थ निकेतन में 13 दिवसीय रामकथा के समापन पर सुप्रसिद्ध भामाशाह, समाज सेवी, गौ सेवी एवं पर्यावरण प्रेमी श्री पदमाराम कुलरिया एवं पुत्रों को ''गंगा रत्न'' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। परमार्थ निकेतन के महन्त चिदानन्द सरस्वती द्वारा यह सम्मान हजारों व्यक्तियों की उपस्थिति में प्रदान किया गया। यह देश का पहला पवित्र नाम वाला अवॉर्ड है जो श्री पदमाराम कुलरिया को प्रदान किया गया। कानाराम, शंकर लाल एवं धर्म जी कुलरिया भी गौशालाओं में सहयोग, विद्यार्थियों को शिक्षित करने हेतु स्कूलों को योगदान एवं अन्य सेवाएं निरंतर देते रहते हैं।

इस अवसर पर विख्यात् कथावाचक संत मुरलीधर महाराज, उद्योगपति शंकर कुलरिया, अशोक सुथार, श्याम लाल नांगल, नरेश कुमार कुलरिया, पुखराज कुलरिया, शिवरतन माण्डण कलाकार, पंकज कुलरिया, श्याम सुन्दर नांगल, मांगीलाल धामू, भगवान राम चूयल सहित अनेक साधु महात्मा एवं गणमान्य भी उपस्थित हुए।

## श्री अंगिरा युवा उत्थान समिति द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन की गणेश प्रसादी समारोह 27 मई, 2018 को

श्री अंगिरा युवा उत्थान समिति द्वारा आयोजित एक सफल सामुहिक विवाह सम्मेलन 29 अप्रैल, 2018 को संपन्न हुआ और 27 मई, 2018 को विवाह सम्मेलन की गणेश प्रसादी का आयोजन किया गया। गणेश वन्दना व श्री विश्वकर्मा पूजन के साथ सामूहिक विवाह सम्मेलन के अध्यक्ष श्री कन्हैयालाल रावत की अध्यक्षता में कार्यक्रम की शुरूआत हुई।

गणेश प्रसादी के आयोजन में सभी 21 जोड़े अपने माता-पिता के साथ उपस्थित हुए समिति द्वारा सभी का आतिथ्य सत्कार किया गया।

श्री अंगिरा युवा उत्थान समिति द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन में कड़ी मेहनत करने वाले सभी कार्यकर्ताओं का माला, साफा व प्रशस्ति-पत्र देकर जोश भरा स्वागत सम्मान किया गया। श्री अंगिरा युवा उत्थान समिति के अध्यक्ष श्री शंकर लाल बड़वाडिया व सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति अध्यक्ष श्री कन्हैयालाल रावत ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

आए हुए सभी जोड़ों का 5 बर्तन, 1 छत का पंखा व 1 साड़ी उपहार में दी।

इस अवसर पर श्री हरिशंकर जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष, श्री दीपक शर्मा राष्ट्रीय सलाहकार महासभा दिल्ली, श्री शंकर बारू पूर्व तह. अध्यक्ष फुलेरा, श्री सोहनलाल तह. अध्यक्ष फुलेरा, श्री राजेश नोहटा तह. अध्यक्ष सांगानेर, श्री बाबूलाल बरखेडा तह. अध्यक्ष चाकसू, श्री लल्लू राम जांगिड तह. अध्यक्ष जमुवारामगढ़, श्री धर्मवीर राष्ट्रीय अध्यक्ष जांगिड युवा शक्ति, श्री विनोद जांगिड राष्ट्रीय महासचिव जांगिड युवा शक्ति, कल्पना धीमान, श्री नरेन्द्र जांगिड दिल्ली, श्री दामोदर जी दिल्ली, श्री मोहन लाल शाहपुरा, श्री दशरथ खातीनाडा, श्री दीनदयाल जी बांरा, श्री सुबोध जी टोंक, श्री हरेन्द्र कलकत्ता, श्री नोरतन गुर्जर की थड़ी आदि तथा समिति के हनुमान सहाय खिलकानिया तह. अध्यक्ष बगरू, श्री गोपाल कींजा, श्री गोपाल रावत, प्रधान श्री नानुराम रावत, उपप्रधान श्री बाबूलाल आसल्या, श्री राधेश्याम बरवाड़िया, श्री जगदीश माकड, श्री भंवर बरवाडिया, श्री फूलचन्द दोदोलिया, श्री गणेश बरवाड़िया, श्री दिनेश पंवार, श्री लादुराम गोठवाल, श्री कैलाश रावत, श्री प्रभु जी रावत, श्री अनिल दोदोलिया, श्री भगवान राजोतिया, श्री लीलाधर बिराणिया, श्री लालचन्द रेणक्या, श्री भंवर रोहलीवाल, श्री बाबूलाल सीलक, श्री सुभाष लौण्डीवाल, श्री जीवण जी आसल्या, श्री छीतर जी तामडोलिया, श्री राधेश्याम आसल्या, श्री हनुमान जायलवाल, श्री

रामनारायण लोण्डीवाल, श्री लालचन्द आसल्या, श्री राजेश रावत व श्री शिव कुमार शर्मा उपस्थित रहे।

**मुख्यमंत्री से मिला जांगिड समाज का प्रतिनिधि मण्डल व उनकी ऑयल पेंटिंग भी भेंट की**

अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण महासभा की केन्द्रीय मीडिया कमेटी सदस्य व दैनिक भास्कर अमरसर संवाददाता मनोज शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मण्डल ने मुख्यमंत्री निवास सिविल लाईंस में मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे से मुलाकात कर समाज की भावनाओं से अवगत करवाया।

इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने जयपुर के कलाकार ललित जांगिड द्वारा बनाई गई मुख्यमंत्री की ऑयल पेंटिंग भेंट की, पेंटिंग देखकर मुख्यमंत्री गद्‌गद् हो गई तथा कलाकार ललित जांगिड का आभार जताया।

इस दौरान पत्रकार मनोज शर्मा ने मुख्यमंत्री को अवगत करवाया कि राजस्थान में विश्वकर्मा वंश की आबादी दो प्रतिशत होने के बावजूद भाजपा की ओर से विधायक का टिकट नहीं दिया जाता है तथा निगम व बोर्ड में समाज को प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया।

प्रतिनिधि मण्डल ने आगामी विधानसभा चुनावों में समाज के चार लोगों को भाजपा द्वारा विधायक का टिकट देने, निगम व बोर्डों में समाज को प्रतिनिधित्व देने, काष्टकला बोर्ड गठित करने, भाजपा संगठन में समाज को उचित प्रतिनिधित्व देने की मांग की।

प्रतिनिधिमण्डल ने किसी भी तकनीकी कॉलेज व विश्वविद्यालय का नाम भगवान विश्वकर्मा के नाम पर करने की मांग की।

मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमण्डल की मांगों पर सहानुभूमि पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया।

इस दौरान कलाकार ललित जांगिड, भाजपा अमरसर मंडल महामंत्री राजन जांगिड, डॉ. विप्रदेव जांगिड, डॉ. प्रीतम जांगिड सहित कई लोग मौजूद थे।

**अ.भा.जां.ब्रा. महासभा प्रदेश सभा की राज. कार्यकारिणी की त्रैमासिक मीटिंग 8 जुलाई, 2018 को**

अ.भा.जां.ब्रा. महासभा प्रदेश सभा राजस्थान की कार्यकारिणी की त्रैमासिक मीटिंग प्रदेश सभज्ञ भवन 2/1 सेक्टर-4, पानी की टंकी के पास, विद्याधर नगर में 8 जुलाई, 2018 (रविवार) को प्रात: 11 बजे प्रदेशाध्यक्ष श्री लखन शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की जा रही है।

सभी जिलाध्यक्ष एवं कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं सदस्य मीटिंग में आमंत्रित हैं। कृपया समय का विशेष ध्यान रखें।

**नोट :** प्रदेश सभा भवन के कार्यालय में अवैतनिक सेवा प्रदान करने वाले इच्छुक बन्धु प्रदेश सभा कार्यालय में सम्पर्क करें।

**-राजेश शर्मा** (महामंत्री प्रदेश सभा राजस्थान)

**जिला सभा जयपुर की त्रैमासिक कार्यकारिणी की मीटिंग 1 जुलाई, 2018 को**

अ.भा.जां.ब्रा. महासभा जिला सभा जयपुर की कार्यकारिणी की त्रैमासिक मीटिंग 1 जुलाई, 2018 प्रदेश सभा भवन 2/1 सेक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर में प्रात: 11.15 बजे जिलाध्यक्ष श्री घनश्याम शर्मा 'पंवार' की अध्यक्षता में आयोजित की जा रही है। जिसमें आपकी गरिमामय उपस्थिति अनिवार्य है। सभी ब्लॉक अध्यक्ष, तहसील अध्यक्ष एवं शाखा सभा अध्यक्ष अपनी प्रगति रिपोर्ट एवं आय-व्यय विवरण मीटिंग से पूर्व जिला सभा, जयपुर को भिजवाने का कष्ट करें। मीटिंग में विचारणीय बिन्दु इस प्रकार होंगे :-

1. पूर्व बैठक की कार्यवाही विवरण का पठन एवं अनुमोदन तथा आय-व्यय वितरण का पठन एवं अनुमोदन।
2. आगामी द्वितीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करने पर चर्चा।
3. राज. सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याण योजनाओं से लाभ उठाने बाबत चर्चा।
4. जिला सभा जयपुर द्वारा सामाजिक स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित करने बाबात चर्चा।
5. सामाजिक सम्पत्तियों के संरक्षण एवं कुरुति उन्मूलन बाबत चर्चा।
6. अन्य विषय अध्यक्ष की अनुमति से।

बन्धुओं समय अमूल है, अत: कृपया मीटिंग में निर्धारित समय पर उपस्थित होकर अपने बहुमूल्य विचारों एवं सुझावों से अवगत कराकर समाज हित में सहयोग प्रदान करें।

**-रमेश शर्मा** (महामंत्री जिला सभा जयपुर)

**अ.भा.जां.ब्रा. महासभा दिल्ली की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की त्रैमासिक मीटिंग फरीदाबाद (हरियाणा) में 15 जुलाई, 2018 को आयोजित होगी**

अ.भा.जां.ब्रा. महासभा दिल्ली की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की त्रैमासिक मीटिंग फरीदाबाद (हरियाणा) में 15 जुलाई, 2018 को महाराजा अग्रसेन मन्दिर के पास, एशियन हॉस्पिटल, सेक्टर-21-डी, फरीदाबाद (हरियाणा) में प्रात: 10 बजे आयोजित की जाएगी, जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय प्रधान श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) द्वारा की जाएगी। सम्पर्क सूत्र 7011794728

सभी प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यगण मीटिंग में सादर आमंत्रित हैं।

मीटिंग में दूर-दराज से पहुँचने वाले सभी सदस्यों के लिए निवास की पूर्ण व्यवस्था की गई है। अत: आप पहुँचने की पूर्व सूचना देकर अवगत कराए ताकि आपकी सुचारू रूप से व्यवस्था हो सके।

सम्पर्क सूत्र श्री हनुमान प्रसाद जांगिड जिलाध्यक्ष फरीदाबाद 9818266557, श्री टेकचन्द जांगिड 9873768328, श्री रविन्दर जांगिड 9810021278, श्री रमेश जांगिड 8802003600, जो सज्जन बड़कल मैट्रो स्टेशन फरीदाबाद पहुँचेंगें उनके लिए बैनर लगी गाडियाँ समारोह स्थल तक पहुँचाने के लिए मैन स्टेण्ड पर तैयार मिलेगी।

**निवेदक :** शेरसिंह जांगडा प्रदेशाध्यक्ष हरियाणा

मो. : 9416054620, 9582796897

**भाजपा ओ.बी.सी. मोर्चा में नियुक्त समाज बंधु**

* **अजीत माण्डण** को बीकानेर संभाग (शहर एवं देहात) का प्रभारी पद पर मनोनीत किया।
* **घनश्याम जांगिड** को अजमेर शहर का जिला प्रभारी बनाया।
* **जगदीश सुथार** को उदयपुर संभाग का प्रभारी मनोनीत किया।